खिसकता जाए ज़मीं आहिस्ता-आहिस्ता 34



वैज्ञानिक विधि और नए सिद्धांतों के पनपने के पीछे एक आम समझ है कि जैसे-जैसे नई जानकारियां हासिल होती हैं, पुराने सिद्धांतों पर सवाल खड़े होने लगते हैं, तो अपने आप नए सिद्धांतों की राह बन जाती है। परन्तु इस लेख के माध्यम से स्टीफन जे. गूल्ड ने समझाने की कोशिश की है कि दरअसल नए वैज्ञानिक सिद्धांतों की डगर ऐसी सीधी और सरल नहीं होती। अपनी बात समझाने के लिए उन्होंने उदाहरण लिया है महाद्वीपीय खिसकाव के सिद्धांत का। बीसवीं सदी के पूर्वार्द्ध में कई सारे ऐसे तथ्य इकट्ठे हो गए थे जिससे महाद्वीपों की स्थिरता पर प्रश्नचिन्ह लग गए थे। परन्तु इस सब के बावजूद अगले चालीस साल तक इस नए सिद्धांत को नकारा जाता रहा क्योंकि ज़रूरत थी परिकल्पना की एक ऐसी छलांग की जो महाद्वीपों के खिसकने का एक संभव और सहज मॉडल प्रस्तुत करती हो।

नाइट्रोजन स्थिरीकरण के विविध तरीके 60

सभी प्रकार की वनस्पतियों को नाइट्रोजन युक्त यौगिकों की ज़रूरत होती है। वायुमंडल में नाइट्रोजन काफी तादाद में होने के बावजूद पौधे इसे जड़ों के मार्फत ही ग्रहण कर पाते हैं। इन यौगिकों की पूर्ति एक हद तक तो मिट्टी करती है लेकिन इसके बाद रासायनिक उर्वरकों का भरपूर उपयोग ही एक मात्र विकल्प सूझता है। पिछले कुछ वर्षों में पौधों की नाइट्रोजन संबंधी ज़रूरतों की पूर्ति के लिए नए विकल्पों पर शोध जारी है जिससे आने वाले दौर में कृषि के क्षेत्र में कई परिवर्तन आ सकते हैं।



वैनिशिंग क्रीम 77

वो घर यानी अस्त-व्यस्तता की पराकाष्ठा। टॉर्च है तो बैटरी नहीं, ताश के सारे बावन पत्ते एक साथ मिल जाएं ऐसा सपने में भी असंभव। अपने परिजनों की आदतों से दुखी बच्चे – पीटर– के हाथ लगी एक जादुई क्रीम जो मलते ही शरीर का वह हिस्सा गायब हो जाता था।

बेतहाशा चिढ़ व हताशा के क्षणों में उसने वैनिशिंग क्रीम के ज़रिए अपनी मां, पिता और प्यारी बहन को अपने संसार से हटा दिया। लेकिन यह भी सच था कि वह अपने परिजनों को दिलो-जान से चाहता था। क्या पीटर उन्हें दुबारा पा सका? वैनिशिंग क्रीम के बहाने इवान मेक इयान की बाल हृदय को उकेरने वाली एक फेंटेंसी है यह।

शैक्षिक संदर्भ

अंक 42 जून-जुलाई 2002

इस अंक में

आपने लिखा 4

क्या आप एक 9
एंटोनियो लूसियानो टोस्टाका

2002NT –7 15
माधव केलकर

ज़रा सिर 28

मकड़ी फूल 29
कमलकिशोर कुम्भकार

खिसकती जाए ज़मीं.... 34
स्टीफन जे. गूल्ड

सवालीराम 48

बच्चों का किताबघर 53
रेणु बोर्दिया

नाइट्रोजन स्थिरीकरण 60
आ. दि. कर्वे

संदेशों का आना-जाना 72
जे. बी. एस. हाल्डेन

वैनिशिंग क्रीम 77
इवान मेक इयान

इंडेक्स (अंक 37–42) 89

दिखता है ... 96
के. आर. शर्मा